हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 23 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 21.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

12 धर्मगढ़ में पहुंची विकसित संकल्प भारत यात्रा



12 बच्चों ने मॉडल प्रदर्शन कर रामानुजन को किया याद



## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव उझाना के निकट एक युवक को काबू कर उसके एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गढ़ी थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव उझाना के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पुलिस ने कार्रवाई करते युवक को काबू कर लिया।

### 5.12 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** चौकी रामथली पुलिस ने एक आरोपी को 5.12 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई संदीप कुमार की टीम सायंकालीन गश्त दौरान खरकां क्षेत्र में मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली कि खरकां निवासी छिंदा मादक पदार्थ हेरोइन बेचने का धंधा करता है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किसान की मौत

**जींद।** गांव पडाना के निकट बीती रात खेत की रखवाली करने निकले किसान की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान से नकदी-सामान चोरी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** दुकान से नकदी व सामान चोरी के मामले की जांच थाना एचसी करनैल सिंह ने करते आरोपी अर्जुन शर्मा निवासी प्रित नगर त्रीपड़ी जिला पटियाला पंजाब को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जखोली अड्डा निवासी संजय की शिकायत अनुसार छात्रावास रोड पर स्थित दुकान से 5 अक्तूबर की रात अज्ञात व्यक्ति नकदी व अन्य सामान चोरी करके ले गए थे।

### एटीएम कार्ड बदलकर बीस हजार का चूना

**जींद।** हुडा मार्केट नरवाना में एटीएम कैबिन में राशि निकलवाने गए व्यक्ति का वहां मौजूद युवक ने एटीएम कार्ड बदल 20 हजार रुपये का चूना लगा दिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छोटूराम कालोनी निवासी राजपाल ने पुलिस को शिकायत दी है।

### कई किसानों के ट्यूब्वेलों की केबल चोरी, केस दर्ज

**सफीदों।** सफीदों उपमंडल के गांव पाजू कलां के खेतों से कई किसानों की अज्ञात ने ट्यूबवैलों की तार चोरी कर ली। पुलिस ने किसानों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। किसान जसमेर सिंह नंबरदार, विक्रम सिंह, रमेश, होशियार सिंह, रामनिवास, योगिंद्र, अजय, पूर्ण सिंह, पवन कुमार, अमित कुमार ने कहा कि अज्ञात चोरों ने रात को उनके ट्यूबवैलों की तार चोरी कर ली।

### सड़क हादसे में घायल महिला ने तोड़ा दम

**जींद।** गांव खटकड़ के निकट लगभग दो माह पहले सड़क हादसे में घायल हुई महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतका के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस केस की जांच कर रही है।

### पीट-पीट कर हत्या का एक आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** गांव गुरथली में रंजिश के चलते युवक की पीट-पीट कर हत्या करने के एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गुरथली निवासी राजेश ने सदर थाना नरवाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि था कि उसका भाई राकेश उर्फ रॉकी (21) हथो में शराब की दुकान पर काम करता था।

फिर से कोरोना के फैलने का खतरा मंडरा रहा

# जींद में कोरोना जांच के नाम पर महज खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में कोरोना से 553 लोगों की मौत हो चुकी है। एक बार फिर से कोरोना के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि पिछले छह महीने से कोई मामला सामने नहीं आया है लेकिन देश के कई राज्यों में फिर से कोरोना संक्रमण के मामले मिल रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग कोरोना को लेकर सभी व्यवस्थाओं को जांच रहा है। फिलहाल एक सप्ताह में 200 के आसपास सैंपल लिए जाते हैं, अब इनकी संख्या भी बढ़ाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के सामने कोरोना संक्रमण के समय इस सैंपल से लेकर जांच में लगे 40 कर्मचारियों को हटाने से समस्या बढ़ सकती है। इन कर्मचारियों को अभी तक दोबारा ज्वाइन नहीं करवाया गया है। जिले में अबतक पांच लाख 53 हजार 557 लोगों की कोरोना जांच हुई है। इनमें से 25,990 लोग संक्रमित हुए थे। सभी अब ठीक हो चुके हैं वहीं 553 लोगों की जिंदगी कोरोना ने लील ली थी। उचाना के नागरिक अस्पताल में स्थित आरटीपीसीआर लैब में कोरोना जांच करवाई जा रही है। जब भी 100 के आसपास सैंपल हो जाते हैं तो इनकी जांच की जाती है। सप्ताह में दो बार कोरोना सैंपलों की जांच की जाती है।

## कर्मचारियों को हटाने से आ रही परेशानी




**जींद।** उचाना के नागरिक अस्पताल में स्थित कोरोना जांच लैब।

### वेंटिलेटर फांक रहे धूल

अब कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 को काफी खतरनाक माना जा रहा है। इसके फैलने की गति भी काफी तीव्र है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। नागरिक अस्पताल में 35 के आसपास वेंटिलेटर हैं। आईसीयू शुरू नहीं होने के कारण यह वेंटिलेटर धूल फांक रहे हैं। फिलहाल यह वेंटिलेटर प्रयोग में नहीं हैं। ऐसे में आईसीयू शुरू नहीं होने से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### सैंपलों की संख्या को बढ़ाया जाएगा

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया उचाना में आरटीपीसीआर लैब में कोरोना मरीजों की जांच की जाती है। फिलहाल कम सैंपल लिए जा रहे हैंए इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। ऑक्सीजन से लेकर मरीजों की जांच व सैंपल लेने की पूरी व्यवस्था है। कोरोना वार्ड भी जरूरत पड़ने पर तुरंत तैयार किया जाएगा। वेंटिलेटर को भी प्रयोग में लाया जाएगा।

### जरूरत पड़ी तो तैयार किया जाएगा वार्ड

पहले जो कोरोना वार्ड था, उसको स्वास्थ्य विभाग फिलहाल दूसरे मरीजों के लिए प्रयोग कर रहा है। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में 80 बेड का यह वार्ड अब सामान्य रोगियों को दाखिल करने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। यदि जिले में फिर से कोरोना संक्रमण फैला तो इस वार्ड को तुरंत खाली करवाकर कोरोना मरीजों के लिए प्रयोग में लाया जाएगा।

# अवैध कॉलोनी में चलाया पीला पंजा

- तीन कालोनियों को जेसीबी की सहायता से ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला नगर योजनाकार ने शुक्रवार को नरवाना में टोहाना रोड पर कंट्रोल एरिया में छह एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही तीन कालोनियों को जेसीबी की सहायता से ढहाया गया। इस दौरान करीब 10 बाउंड्री वाल तोड़ी गई तो चार डीपीसी, ब्लाक ईंटों के साथ बनाई गई सड़क को उखाड़ा गया। 28 दिसंबर को जुलाना में भी यह अभियान चलाया जाएगा। शुक्रवार सुबह जिला नगर योजनाकार अमित मढोलिया, पीए राकेश श्योकंद, जेई जसबीर, गौरव बंसल और पुलिस बल टोहाना रोड पर जेसीबी के साथ पहुंचा। यहां अवैध रूप से तीन कालोनियां विकसित की गई थी। विभाग द्वारा पहले नोटिस देकर अवैध निर्माण को हटाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन नोटिस के बावजूद भी अवैध निर्माण नहीं रोका गया तो शुक्रवार को विभागीय कार्रवाई शुरू की गई। जेसीबी की सहायता से 9 के करीब बाउंड्री वाल तोड़ी गई।



**जींद।** जेसीबी की सहायता से अवैध निर्माण ढहाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**राजौंद।** विजेता रही टीम के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### राजौंद की टीम बनी राष्ट्रीय बालरंग की चैंपियन

**राजौंद।** राजकीय कन्या वमावि राजौंद में कल्चरल फेस्ट टीम खंड स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर पर तो विजेता रही अब भोपाल में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कल्चरल फेस्ट 2023 बालरंग में भी प्रथम स्थान हासिल किया है। खंड शिक्षा अधिकारी व खंड संसाधन संयोजक बलबीर सिंह ने बताया कि इसके लिए समस्त स्कूल के सभी स्टाफ सदस्य, विशेषकर जो स्टाफ सदस्य शुरू से लेकर अंत तक इन बच्चों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर रहे जारी करवा रहे थे वह सामान के पात्र हैं। कहा कि यह सभी अभिभावक गण टीम में शामिल सभी बेटियों के अथक परिश्रम और हौसलों की बदौलत ही हासिल किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह ने कहा कि यह सभी के लिए गोल्डन मोमेंट्स और गर्व की बात है। नंबर वन टीम हरियाणा, नम्बर वन टीम जिला व नंबर वन टीम खंड राजौंद ओर अब नंबर वन टीम गर्ल्स स्कूल राजौंद जिसने नेशनल चैंपियन टीम को जीत पर बधाई दी।

### हवाई फायरिंग के पांच आरोपित दबोचे

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के ब्राहमणवास गांव निवासी हरियाणा के प्रसिद्ध हरियाणवी सिंगर और कलाकार मासूम शर्मा के भाई के घर घुसकर हथियारबंद लोगों ने हवाई फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफतार किया है। पुलिस ने भिवानी जिले के खरक गांव निवासी केहर सिंह, बुआना निवासी मनजीत, मकडौली गांव निवासी रवि, कलानौर निवासी योगेश, बुआना गांव निवासी बिजेंद्र को गिरफतार किया है। मासूम के भाई की पत्नी निशा की शिकायत पर पुलिस ने भिवानी जिले के गांव खरक निवासी केहर खरकिया समेत 50 से 'यादा लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। जुलाना के ब्राह्मणवास गांव में मासूम शर्मा और भाई विकास शर्मा का घर है। विकास की पत्नी निशा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुधवार शाम साढ़े पांच बजे के करीब वह घर पर थी। उसी समय घर के अंदर पांच लोग घुस आएए जिनमें से तीन के हाथ में पिस्तौल थी। दो लोगों ने हाथ में डंडे लिए हुए थे। आते ही आरोपियों ने गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं।

# पैसेंजर ट्रेने समय पर न चलने से यात्री दुःखी

- पैसेंजर से पहले निकाल दी जाती हैं माल गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद जंक्शन जींद से चलने वाली पैसेंजर ट्रेनें समय पर नहीं जा रही हैं। शाम के समय जींद से जाखल और कुरुक्षेत्र की तरफ जाने वाली ट्रेनों को किसी भी दिन समय पर नहीं भेजा रहा। इन ट्रेनों के समय पर मालगाड़ियों को रवाना कर दिया जाता है। इसके बाद यह पैसेंजर ट्रेनें 20-25 मिनट के बाद चलाई जाती है जो कि मालगाड़ी आगे होने के चलते इन ट्रेनों को रास्ते में आने वाले स्टेशनों पर कई-कई देर



रोककर चलाया जाता है। ऐसा ही हाल दिल्ली की तरफ से आने वाली 04431 दिल्ली.जाखल पैसेंजर का भी है। यह ट्रेन प्रतिदिन अपने समय पर जींद पहुंच जाती है लेकिन उसके आते ही मालगाड़ी को रवाना कर दिया जाता है। इससे ट्रेने 30-40 मिनट तक देरी से गंतव्य तक पहुंच रही है। इससे रेल यात्रियों को घर तक पहुंचने में काफी समय लग रहा है। रेलयात्रियों ने रोष जताकर महाप्रबंधक और प्रधानमंत्री कार्यालय में अधिकारियों की शिकायत भेजने को कहा है। यात्री सुनील, प्रमोद ने बताया कि वह प्रतिदिन ट्रेनों में नरवाना से जींद आवागमन करते हैं। वह सुबह के समय तो अपने-अपने दफ्तरों में समय पर पहुंच जाते हैं।

### भेजा जरूरी

स्टेशन अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि कई मालगाड़ियों को भेजना जरूरी होता है। ट्रेनों को देरी से चलाने से यात्रियों की परेशानी स्वाभाविक है लेकिन कई मालगाड़ियों को समय पर भेजना पड़ता है। पैसेंजर ट्रेनों से पहले कभी-कभी मालगाड़ियों को रवाना करना पड़ता है।

# चार क्विंटल धान चोरी कर महिलाएं फरार

## चौकीदार ने रोका तो चोर महिलाओं ने किया हमला, घटना सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत अनाज मंडी में बेखौफ महिला चोरों ने धान की फसल चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया । वारदात के दौरान महिला चोरों ने चौकीदार पर भी हमला किया पुरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। व्यापारियों ने उक्त महिला चोरों के खिलाफ शिकायत कलायत थाना में दी है। शुक्रवार को कलायत पुलिस स्टेशन पहुंचे प्रधान ऋषिपाल कोलेखा व्यापारी रतन मटौर, कृष्ण कुमार, अनिल कंसल ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब 4:30 से 5:00 बजे के बीच आधा दर्जन महिला चोरों का गैंग मंडी में धान चोरी की वारदात को अंजाम दे रही थी। चौकीदार ने जब रोका तो चोरों ने गाली गलौज करते चौकीदार पर भी हमला किया गया। और करीब चार क्विंटल धान चोरी कर फरार हो गई। उन्होंने बताया कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है । उन्होंने पुलिस प्रशासन से महिला चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अनाज मंडी प्रधान ऋषिपाल कोलेखां ने बताया कि पिछले कई वर्षों से महिला चोर गैंग द्वारा कलायत अनाज मंडी में अनाज चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। लगातार हो रही चोरी की घटना को लेकर मंडी व्यापारी व किसान कई बार पुलिस स्टेशन में शिकायत दे चुके हैं। वारदातों पर अंकुश नहीं लग पाया है ।उन्होंने एसपी उपासना से महिला चोर गैंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



सीसीटीवी में कैद चौकीदार पर हमला करती महिला चोर गैंग की सदस्य।

### जल्द गिरफ्तार किया जाएगा

थाना प्रभारी रोहतास कुमार ने बताया कि धान चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी महिला चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है । जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किराये को लेकर आटो और ई रिक्शा यूनियन आमने-सामने

- अब ई-रिक्शा चालक न्यूनतम किराया 20 रुपये ही लेंगे : प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद शहर में आटो किराए को लेकर हरियाणा आटो रिक्शा यूनियन और ई.रिक्शा यूनियन आमने-सामने हो गई हैं। कुछ दिन पहले ही हरियाणा आटो रिक्शा यूनियन ने शहर में न्यूनतम किराया 10 और यादा दूरी के लिए 20 रुपये किराया तय किया था लेकिन अब ई-रिक्शा यूनियन ने इसका विरोध करते कहा है कि वह न्यूनतम किराया 20 रुपये ही लेंगे। इससे शहरवासियों में असमंजस पैदा होने लगी है। क्योंकि कुछ आटो चालक अपनी मनमानी करते पैसे मांगने लगे हैं। शहरवासियों ने मांग की है कि आरटीए या उपायुक्त इस मामले में हस्तक्षेप करते एक किराया निर्धारित करने की मांग की है। गौरतलब है कि पिछले दिनों हरियाणा ऑटो रिक्शा यूनियन ने कम दूरी के लिए न्यूनतम किराया 10 रुपये निर्धारित किया गया था जबकि ज्यादा दूरी के लिए 20 रुपये निर्धारित था। ई-रिक्शा यूनियन के प्रधान राजेश शर्मा ने कहा कि जुलाई 2021 में तत्कालीन डीसी डा. मनोज ने शहर में आटो का न्यूनतम किराया 20 रुपये तय किया था।

# नप प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी

- आठवें दिन भी नगर परिषद में जारी रहा पार्षदों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नगर परिषद कार्यालय परिसर में नप पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला की अध्यक्षता में दस पार्षदों के साथ चल रहा धरना शुक्रवार को आठवें दिन भी जारी रहा। नप पूर्व प्रधान व पार्षद प्रतिनिधि कैलाश सिंगला ने कहा कि विकास कार्यों के जो करोड़ों के टेंडर रद किए गए हैं वह दोबारा से लगाए जाए ताकि शहर में सभी पार्षद अपने-अपने वार्ड में अच्छे से कार्यों को करवा सकें। उन्होंने बताया कि जो जिन टेंडरों को अपलोड होने के बाद रद करवाया गया है उसमें नप प्रशासन व अधिकारियों की आपस में मिलीभगत है। कहीं ना कहीं नप प्रधान भी टेंडर को रद करवाने में पूरी तरह से जिम्मेदार है। क्योंकि अब इन दिनों जो विकास कायोंर् के टेंडर लगवाए जा रहे हैं वह शहर के कुछ वार्ड के पार्षदों के ही लगाए जा रहे हैं। जबकि शहर में 23 वार्डों के 23 पार्षद हैं। इन 23 में से 10 पार्षदों के वार्डों में किसी भी विकास कार्य का कोई टेंडर नहीं लगवाया जा रहा। यह पार्षद जब भी वार्ड के विकास कार्य का प्रपोजल बनाकर देते हैं तो उनके प्रपोजल में कोई ना कोई कमी निकालकर रद कर दिया जाता है।



**नरवाना।** धरने पर बैठ कर नप के खिलाफ नारेबाजी करते नगर पार्षद।

# बजरंग पुनिया एक बार मेडल ले आया तो अब क्या देश को मोल लेगा : लीला राम

- पहलवानों को लेकर भाजपा विधायक लीलाराम गुर्जर का विवादित बयान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



जिले में आयोजित गीता जयंती समारोह के दौरान मीडिया से बातचीत में खिलाड़ियों बारे पूछे गए सवाल के जवाब में कैथल के विधायक लीला राम ने कहा कि बजरंग पुनिया एक बार मेडल ले आया अब क्या देश को मोल लेगा वो? पहलवानों के धरने पर तो शुरू से राजनीति हो रही है, देख लेना 10 दिन बाद फिर आ कर मैच खेलने लग जाएंगे। अपने बयानों को लेकर अक्सर विवादों में रहने वाले कैथल के विधायक लीलाराम ने एक बार फिर से खिलाड़ियों पर कटाक्ष करते हुए विवादित बयान दिया है। साक्षी मलिक द्वारा गेम छोड़ने पर कैथल विधायक लीला राम ने कहा वहा सिर्फ राजनीति हो रही है और इससे ज्यादा कुछ नहीं, उनका एक ग्रुप है जिसमें राजनीति के सिवाय और कुछ नहीं है। देखना दस दिन बाद आकर फिर से मैच खेलने लग जाएंगे, या तो ये खिलाड़ी राजनीति करें या फिर खेल खेलें।

## विधायक ने सीवरेज-पेयजल लाइन बिछानें के कार्य का किया शिलान्यास

# फतेहपुर का शहरों की तर्ज पर होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी हल्के के दिलों में बसनें वाले यशस्वी और विकास पुरुष विधायक रणधीर सिंह गोलन का फतेहपुर गांव में पहुंचनें पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। विधायक गोलन नें सबसे पहलें गांव फतेहपुर में 27 करोड 20 लाख रुपए की लागत से सीवरेज लाईन और पीनें के पानी की पाइप लाइन बिछानें के कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर उनके साथ गांव के सरपंच सोहन लाल वर्मा विशेष तौर पर मौजूद रहे। विधायक ने संबोधन शुरू करते सभी फतेहपुर वासियों का इतनी बड़ी संख्या में पधारनें के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक नें कहा कि ये सीवरेज की योजना हमारे फतेहपुर की वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगी। अब फतेहपुर भी शहरों की तर्ज पर विकसित होगा। जब हमारे गांवों में भी शहरो जैसी सुविधाएं हो जाएगी तो हमारे जीवन में खुशहाली आएगी। विधायक गोलन नें बताया कि मैं आपका काम करनें वाला भाई हूं। आज से पहले क्या पूंडरी हल्के में विधायक नहीं बनें थे या किसी को ये समस्याएं दिखती नहीं थी पर हमारे अंदर काम करनें का जज्बा है जुनून है उसी के जरिए ही अपनें पूंडरी हल्कावासियों के लिए रिकार्ड तोड़ कार्य कर रहें हैं।



कार्यक्रम के दौरान विधायक रणधीर गोलन साथ में सरपंच सोहनलाल वर्मा।

### ये रहे मौजूद

विधायक गोलन नें हाल ही में हुए विधानसभा सत्र के एक वाक्य का जिक्र किया। उन्होनें कहा कि 15-20 विधायक मुख्यमंत्री के पास खड़े थे तो मैनें कह दिया कि मुख्यमंत्री जी एस.सी. कंपोनेट की भी ग्रांट दे दो तो मुख्यमंत्री मुस्कुराते हुए बोले कि गोलन साहब आप तो सबसे ज्यादा ग्रांट लेकर गए हो। इस मौके पर वेदप्रकाश बैरागी, मदन वालिया, सतबीर बैरागी, हवा सिंह, केदारा वाल्मीकि, सुखविंद्र पंच, सुरेद्र धीमान, ओमप्रकाश प्रजापत, सुनील सेन आदि मौजूद रहे।




**राजौंद।** धरना स्थल पर बोलते महावीर चहल।

### जब कागजों में पुल स्वीकृत तो धरातल पर क्यों नहीं

**राजौंद।** किठाना रोड कमालपुर में निश्चित जगह पर पुल न बनने पर धरना दे रहे किसानों के बीच पहुंचे किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिला प्रधान महावीर चहल ने कहा कि एक पुल बनाने की जायज मांग को लेकर पिछले 15 दिनों से चार गांव के किसान धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जब कागजों में पुल स्वीकृत है तो धरातल पर क्यों नहीं। धरने को संबोधित करते हुए महावीर चहल ने कहा कि ऐसा कोई वर्ग नहीं जो वर्तमान सरकार की जन विरोधी नीतियों से परेशान होकर सड़कों पर प्रदर्शन करने को मजबूर न हुआ हो। उन्होंने कहा कि चाहे बात मजदूरों की हो, आशा वर्करों की हो, सरपंचों की हो, सफाई कर्मचारीयों की हो, अध्यापकों या फिर खिलाड़ियों की हो सभी को अपने हकों के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। महावीर चहल ने कहा कि भविष्य में कमेटी द्वारा उनकी जो भी ड्यूटी लगाई जाएगी वह पूरी टीम के साथ बखूबी निभाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### शिवानिया स्कूल में मोटिवेशनल शिविर

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना में शिक्षाविद एवं मोटिवेशनल आचार्य पवन पहुंचे। 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को को स्मार्ट स्टडी एवं टॉपर के गुर बताए। टॉपर शब्द के विभिन्न वर्णाें के अर्थ को समझाते हुए, विद्यार्थियों को उनके जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया।

### एसडीओ ओपी बिश्नोई की बर्खास्तगी निंदनीय

**उचाना।** एचएसईबी वर्कर यूनियन उचाना की सब यूनिट कार्यकारिणी की मीटिंग बिजली बोर्ड के प्रांगण में सब-यूनिट प्रधान विकास की अध्यक्षता में की गई। मीटिंग का संचालन सब-यूनिट सचिव कुलदीप ने किया। मुख्य रूप से यूनिट सचिव कर्मबीर कापड़ो एवं अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। मीटिंग में सर्व सहमति से निगम मैनेजमेंट द्वारा बिना किसी कसूर एवं कारण के सीटी एसडीओ नरवाना ओपी बिश्नोई को बर्खास्त करने की घोर निंदा की गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दो महिलाओं सहित चार गुम

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो महिलाओं समेत चार लोगों के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बराहकलां निवासी व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि 18 को उसकी भाभी बेटे के साथ गायब हो गई। वहीं संगतपुरा एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई।

### अमित जजपा पंचायत प्रकोष्ठ के हलकाध्यक्ष

**उचाना।** जजपा द्वारा घोषित की पंचायत प्रकोष्ठ हलकाध्यक्षों की सूची में अमित घसो को उचाना हलके की जिम्मेदारी दी गई। अमित घसो ने राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, राजेंद्र लितानी, कृष्ण राठी, प्रो. जगदीश सिहाग, काला नंबरदार का आभार प्रकट किया। घसो ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को संगठन के साथ जोड़ा जाएगा।

### बलजीत जजपा के जिला महासचिव बने

**उचाना।** जेजेपी द्वारा घोषित की गई जिला कार्यकारिणी में उचाना हलके के बलजीत घसो को जिला महासचिव की जिम्मेदारी दी। बलजीत घसो ने राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, सरदार निशान सिंह, राजेंद्र लितानी, कृष्ण राठी, कार्यालय सचिव प्रो. जगदीश सिहाग, हलकाध्यक्ष काला नंबरदार का आभार प्रकट किया।

### सात को जनसभा में पहुंचेंगे सुरजेवाला

**उचाना।** कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज सहित साथियों संग कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला से दिल्ली आवास पर मिले। मनोज ने कहा कि हलके में कांग्रेस को मजबूत करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। हलके से काफी संख्या में लोग जजपा, भाजपा छोड़ कर रणदीप सुरजेवाला की अगुवाई में कांग्रेस का दामन थाम रहे है। सात जनवरी को अलेवा में जनसभा को लेकर भी चर्चा की गई।

### दो दुकानों के टूटे ताले हजारों का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने दो स्थानों पर ताले तोड़ कर हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दबलैन निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी रेलवे फाटक के साथ दुकान खोली हुई है।

### गणित प्रश्नोत्तरी में टैगोर सदन अव्वल

**जींद।** आधारशिला स्कूल में गणित दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नौवीं व दसवीं के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन गणित अध्यापक संजय चहल व अंजलि चहल ने किया। विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता से इसमें भाग लिया। टैगोर सदन ने प्रथम व राधा कृष्णन सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


## गणित विशेषज्ञ डा. श्रीनिवास रामानुजन का जन्मदिवस राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया

# बच्चों ने मॉडल प्रदर्शन कर रामानुजन को किया याद

### रामानुजन गणित के सवाल ऐसे हल करते थे जैसे फार्मूलों के साथ खेल रहे हों : डा. विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद








**जींद।** विजेता छात्रों के साथ प्राचार्य डा. धर्मदेव विद्यार्थी व गणित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी और बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल देखते प्राचार्य रविंद्र कुमार। *फोटो :हरिभूमि*

गणित विशेषज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस पर शुक्रवार को डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में गणित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गणित प्रतियोगिताएं कक्षा तीसरी से पांचवी तथा कक्षा छठी से आठवीं के बच्चों में करवाई गई। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। रामानुजन गणित के सवाल ऐसे हल करते थे जैसे फफार्मूलों के साथ खेल रहे हो। वह अपनी उम्र से बड़े व अपनी कक्षा से बड़ी कक्षाओं के बच्चों को गणित विषय पढ़ाते थे। उन्होंने बहुत ही कम समय में उपलब्धि प्राप्त कर ली थी। कक्षा तीसरी से पांचवी कक्षा की गणित प्रतियोगिता में रुट टू सक्सेस के लरीसा, समृद्धि, वंशिका, विहान साहरण, विहान ने प्रथम स्थानए पजल मास्टर की गरिमा, रिचिक, हिमांक, अनुजा, सानवी ने द्वितीय तथा पानियरस के लक्ष्य, स्पर्श, सक्षत, संस्कार, श्रेया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रोबलम सॉल्वर के बच्चे हर्षित, रौनकजीत, नूर, वंश, कौशल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। रामानुजन जन्म दिवस के अवसर पर कक्षा तीसरी से आठवीं के बच्चों ने प्रोजेक्ट बनाए। जिन्हें प्रदर्शित किया गया तथा साथ ही कक्षा में गणित विषय से संबंधित खेल भी खेले। प्रतियोगिता में विजेता रहे छात्रों को डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने मेडल पहना कर व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रवीन, अनिल कुंडू, जसबीर, मंजू परुथी, सविता सांगवान, मधु भोला, तान्या, गीता नंदवाल, अंकिता नारा, पूजा पटवा, मोनिका खुराना मौजूद थी।**गणित प्रतियोगिता में चैलेंजर सदन रहा अव्वल:** वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को बच्चों की गणित क्वीज का आयोजन किया गया। इस क्वीज में विद्यालय के तीनों सदनों के बच्चों ने बढ़कर.चढ़कर भाग लिया। क्वीज में महान गणितज्ञ रामानुजन के विषय में प्रश्न पूछकर प्रतियोगिता का शुभांरभ किया। प्रतियोगिता में चार राऊंड करवाए गए। प्रतियोगिता में चैलेंजर सदन के बच्चों ने प्रथम स्थान, लीडर सदन ने द्वितीय व इन्नोवेटर सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुकृति शर्मा मौजूद रही। उन्होंने छात्रों को महान गणितज्ञ रामानुजन के जीवन व उनकी उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हम भविष्य में भी ऐसी-ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहेगा। **गणितज्ञ रामानुजन जन्मोत्सव पर आयोजित प्रतियोगिता:** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में महान भारतीय गणितज्ञ रामानुजन के जन्मोत्सव को हर्षाेल्लास से मनाया गया। अलग-अलग चार हाऊसों में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कॉन्कर हाऊस रहा। डेस्टिनी हाऊस दूसरे स्थान पर रहा। प्रिंसिपल अंजू गिजवानी ने बताया कि गणित विषय पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में गणित दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में राष्ट्रीय गणित दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य नवीन डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान व चेयरमैन प्रवीण द्वारा किया गया। इसमें अध्यापिका सीमा, पूनम व मूर्ति ने मंच संचालन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में चार टीमों का गठन किया गया। प्रधानाचार्य ने रामानुजन जैसी महान प्रतिभाओं के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर ने बच्चों में गणित विषय में रूचि पैदा करने के लिए कहा। चैयरमैन ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की तार्किक क्षमताएं बुद्धि, तथ्यों के विश्लेषण का विकास कराना है। अंत में विजेता टीम को विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन, डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान व चेयरमैन प्रवीण ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। **राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया:** शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंगोवाल में राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय की गणित प्रवक्ता प्रेमलता ने किया। विद्यालय के गणित प्रवक्ता सतीश कुमार ने दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता और प्रयोग के बारे में विस्तार से बताया। वहीं उन्होनें जानकारी देते हुए बताया कि हर साल भारत में 22 दिसंबर का दिन राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन गणित के जादूगर और देश के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को समर्पित है। जो भारत सरकार ने वर्ष 2012 में रामानुजन की जयंती को राष्ट्रीय गणित दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया था।




पोस्टर दिखाते बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में छिपी प्रतिभा को उजागर करना : रविंद्र

मोतीलाल नेहरु पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्रीनिवास रामानुजन के जन्म दिवस पर गणित दिवस मनाया गया। है। इस अवसर पर गणित के विभिन्न नियमों पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विभिन्न तथ्यों पर आधारित प्रारुप प्रदर्शित किए गए। मंच संचालन विद्यालय की छात्राओं द्वारा किया गया। विद्यालय में आयोजित गणित दिवस का मुख्य उद्देश्य छात्रों में छिपी प्रतिभा को उजागर करना है तथा गणित विषय में उनकी रुचि को बढ़ाना है। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय गणित अध्यापिका मीना कुमारी, पूजा शर्मा और सविता की देखरेख में हुआ। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस प्रतियोगिता का प्रभाव पड़ता है। जिससे उनके ज्ञान में वृद्धि होती हैं जो विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ का उनके विषय के प्रति उनके समर्पण भाव का बच्चों तक संदेश पहुंचता है।

# विपक्षी सांसदों के निलंबन पर धरना

- सरकार लगातार तानाशाही की तरफ बढ़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी करते विपक्षी पार्टियों के सदस्य।

केंद्र सरकार द्वारा विपक्षी पार्टियों के 146 सांसदों के निलंबन के विरोध में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के आह्वान पर विपक्षी पार्टियों के लोगों ने लघु सचिवालय के बाहर धरना दिया और बाद में लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी माकपा के जिला सचिव रमेश चंद्र ने की। धरने पर बैठे विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रमेश चंद्र ने कहा कि भाजपा सरकार प्रचार कर रही है कि देश सुरक्षित हाथों में है जबकि देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद ही असुरक्षित है। सरकार लगातार तानाशाही की तरफ बढ़ रही है। जनता की आवाज सुनने की बजाय दबाया जा रहा है। जनता की आवाज उठाने वाले कर्मियोंए लेखकों, कवियों एवं विपक्षी नेताओं पर यूएपीए के तहत झूठे मुकद्मे दर्ज करके जेलों में डाला जा रहा है। हाल ही में संसद पर हुए हमले का जवाब विपक्षी सांसदों ने देश के गृहमंत्री अमित शाह से जवाब मांगने पर सांसदों को हो निलंबित कर दिया। विपक्ष व जनता की आवाज को दबाया गया और 146 रा'यसभा व लोकसभा के सांसदों को निलंबित कर दिया। इससे साफ जाहिर होता है कि देश के अंदर अघोषित इमरजेंसी चल रही है।

### ऐतिहासिक होगी सफीदों जनआक्रोश रैली: ढाठरथ

**जींद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजेंद्र ढाठरथ ने कहा कि 25 दिसंबर को सफीदों में होने वाली कांग्रेस पार्टी की जन आक्रोश रैली को लेकर लोगों में भारी उत्सहा है। इस रैली में हर गांव से लोग भारी संख्या में लोग भूपेंद्र सिंह व प्रदेशाध्यक्ष उदयभान व रा'यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की बात सुनने पहुचेंगे और इस तानाशाही सरकार को आइना दिखाने का काम करेंगे। ठगबंधन सरकार से प्रदेश की जनता छुटकारा चाहती है। प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार चर्म सीमा पर है और दिन-प्रतिदिन अपराध बढ़ता जा रहा है। हर व्यक्ति अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। जनता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को फिर से प्रदेश की कमान सौंपने का मन बना चुकी है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासन में हर वर्ग खुशहाल था। आज प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में हवा चली हुई है। अवसर पर पूर्व सरपंच देवी सिंह, सरदार मस्तान सिंह, जस मेम्बर, जोगिंदर विर्क, बिंदर बालदा, अमित, पिंटू, जोगी, भीम सिंह वाल्मीकि, प्रकाश सैनी, संजय सिंहमार आदि मौजूद रहे।

# आप की बदलाव यात्रा कल पहुंचेगी जींद : डॉ. रजनीश

- यात्रा के जींद पहुंचने पर किया जाएगा भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



आम आदमी पार्टी की महिला प्रदेशाध्यक्ष डा. रजनीश जैन ने कहा कि पार्टी ने हरियाणा में बदलाव यात्रा शुरू की है। दिल्ली और पंजाब को बदलने के बाद आप ने अब हरियाणा को बदलने के इस बदलाव यात्रा को शुरू किया है। जो हरियाणा के चार कोनों से शुरू होकर विभिन्न जगहों पर जाते 90 विधानसभाओं से होते तय गंतव्य पर पहुंचेगी। एक यात्रा जो प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में फरीदाबाद से शुरू होकर जींद में आकर खत्म होगी। महिला प्रदेश अध्यक्ष डा. रजनीश जैन ने बताया कि यात्रा के पहले दिन 15 दिसंबर से लेकर प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता के साथ अभी तक यात्रा में शामिल रही है और जहां-जहां जिस भी विधानसभा में यात्रा पहुंची है वहां पर स्थानीय लोगों ने यात्रा का फूल बरसा कर, मिठाई खिलाकर, गीत गाकर, नाच गाने से दिल खोल कर स्वागत किया। दिल्ली पंजाब में आम लोगों को बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य समय पर और 24 घंटे फ्री उपलब्ध होने लगा है। इस बार हरियाणा में लोगों के अंदर आप पार्टी के प्रति जबरदस्त उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। लोग यात्रा को खूब समर्थन और लिए दे रहे है। डा. जैन ने जींद के लोगों से भी निवेदन किया है बदलाव की इस यात्रा में आप सब भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हो। बताया कि जींद में यात्रा का समय सुबह 11 बजे है।



**जींद।** टेकराम कंडेला अपने साथियों के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

### केंद्र सरकार किसानों का कर्ज माफ करे : कंडेला

**जींद।** सर्वजातीय कंडेला खाप व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने कहा कि आजतक की सभी सरकारें किसानों की आर्थिक स्थिति व खराब दुर्दशा के लिए जिम्मेदार हैं। कंडेला ने केंद्र सरकार से मांग की किसानों के सारे कर्ज माफ किए जाएं व स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया जाए। जिससे की सभी फसलों का एमएसपी गारंटी कानून बनना चाहिए। कंडेला ने कहा कि मनरेगा स्कीम को कृषि के साथ जोड़ा जाए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वह प्राकृतिक खेती व मोटी फसलों व बागवानी पर 'यादा ध्यान दें। कंडेला ने कहा कि खाप पंचायतें सामाजिक तौर भाईचारे को मजबूत बनाना व युवाओं को नशे से दूर रखना और देश को बढ़ावा देना जैसे कायोंर् में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर वेदप्रकाश, जयकुमार, अजय देशवाल, बीरा ढालमवाला, सुभाष बड़सीकरी, अभेराम कंडेला, किशन लाल ढांडा, बेदू कंडेला आदि मौजूद रहे।

# बाल शौर्य सम्मान समिति की बैठक

- वीर बाल दिवस समारोह पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बैठक में मौजूद बाल शौर्य सम्मान समिति के पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

वीर बाल दिवस समारोह का जिला स्तरीय आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। यह निर्णय बाल शौर्य सम्मान समिति की बैठक में लिया । बैठक की अध्यक्षता डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने की। डा. विद्यार्थी ने बताया कि 26 दिसंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के सभी बच्चों से ऑनलाइन बातचीत करेंगे। इसके लिए सीबीएसई ने बच्चों के रजिस्ट्रेशन के लिए साइट बनाई है, बच्चे अपना नाम उस साइट पर रजिस्टर्ड कर सकते हैं। राज्य स्तर का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने डा. कृष्ण लाल मिड्ढा के साथ मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन दिया था। जिसके अनुसार देश और धर्म पर बलिदान होने वाले बालकों की जीवीनियां पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए तथा सभी शिक्षण संस्थान द्वारा वीर बाल दिवस समारोह मनाने की मांग की गई थी। जिसे स्वीकार करने का मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था। इसी श्रृंखला में विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा की अध्यक्षता में 25 को डीएवी पब्लिक स्कूल जींद में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के जीवन पर आधारित एक लाइट एंड साउंड शो का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत के प्रसिद्ध कलाकार भाग लेंगे तथा डीएवी स्कूल के बच्चों के द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत होगा।



**जींद।** वुडस्टॉक स्कूल में तुलसी पूजा करते अध्यापिकाएं व छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

### तुलसी पूजन दिवस मनाने का लिया संकल्प

**जींद।** वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में शुक्त्रवार को श्री सेवा वेदांत समिति के सदस्यों ने प्रधानाचार्या सुकृति शर्मा व बच्चों के साथ तुलसी पूजन करवाया। इस दौरान उन्होंने तुलसी पूजन के साथ.साथ तुलसी से होने वाले फायदों के बारे मे बताया। प्राचार्या सुकृति शर्मा ने बताया कि तुलसी पूजन से हमें बहुत शक्ति मिलती है। सभी बच्चों व स्टॉफ ने तुलसी पूजन दिवस मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों-अध्यापकों को सुंदरकांड और हनुमान चालीसा की पुस्तकें बांटी गई।

## पात्रों को लाभ पहुंचाने का सबसे अच्छा माध्यम : कर्मवीर सैनी

# धर्मगढ़ में पहुंची विकसित संकल्प भारत यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



**सफीदों।** यात्रा के दौरान दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेते कर्मबीर सैनी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्त्रवार को सफीदों उपमंडल के धर्मगढ़ गांव में पहुंची। इसमें मुख्यातिथि के रुप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने शिरकत की। उन्होंने मौके पर पात्र लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलिंडरए आयुष्मान कार्ड तथा बीपीएल कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए यह यात्रा काफी कारगर साबित हो रही है। उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर भारत व मजबूत राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी विभागों ने अपने.अपने स्टॉल लगाए हुए थेए जिनके माध्यम से लोगों की समस्याओं को मौके पर ही दूर किया गया। सैनी ने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वह विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें। केंद्र में नरेंद्र मोदी तथा हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना, स्टार्टअप इंडिया, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला समेत अनेक ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ हर पात्र व्यक्ति उठा रहा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा गांव-गांव में पहुंच रही है। अब लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ उनके गांव में ही मिल रहा है। लोग संकल्प यात्रा में लगी प्रधानमंत्री की फोटो के साथ सेल्फी लेकर अपलोड कर रहे हैं। इससे पता चलता है कि लोगों में काफी उत्साह है। सरकार से जुड़े कार्य के लिए हम दफ्तरों में जाते हैंएऔर अपना काम कराने की कोशिश करते हैं, मगर आज सभी कार्यालयों के अधिकारी आपके गांव में आए हैं। केंद्र व रा'य सरकार की इच्छा अनुसार सभी सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रशासन के अधिकारी आपके दरवाजे पर आ रहे है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र राणा, गांव के सरपंच अजीतपाल चट्ठा, जयपाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश कश्यप, राजकुमार जोगी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पिछड़ा वर्ग, कविता शर्मा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, रामजुआरी शर्मा, चरण सिंह जोगी विस्तारक विधानसभा सफीदों, सरदार मेजर सिंह, रामनिवास वाल्मीकि व सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।



गांव खरक भूरा युवा मंडल प्रधान रेखा रानी मीटिंग की जानकारी देते हुए।

# उपराष्ट्रपति को महिलाओं का पूर्ण समर्थन : रेखा

**उचाना।** गांव खरक भूरा युवा मंडल प्रधान रेखा रानी की अध्यक्षता में महिलाओं की बैठक हुई। खरक भूरा युवा मंडल प्रधान रेखा रानी ने कहा कि उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ देश के गौरव हैं और किसान पुत्र है। लोकतंत्र की अवधारणा में असहमति का प्रावधान है, अपमान का नहीं। व्यक्ति की परवरिश उसके नैतिक चरित्र और लोक व्यवहार को दर्शाती हैं। भारतीय समाज एवं भारतीय संस्कृति बुजुगोंर् के सम्मान के लिए जानी जाती है, अपमान के लिए नहीं। बांगर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सम्मान में हमेशा साथ एवं समर्थन में रहेगा। उन्होंने कहा कि विरोध के तरीकें के चयन से व्यक्ति, संस्था के चरित्र, योजना और उसके भविष्य की संभावनाओं का पता चलता है। तृणमूल कांग्रेस के सासंद कल्याण बनर्जी ने जिस तरह किसान के बेटे देश के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का अपमान किया है, इतिहास में वह क्षण एक काले धब्बे के तौर पर जाना जाएगा।

## खबर संक्षेप

### भगवान की दिव्य वाणी है श्रीमद्भागवत गीता

**गुहला-चीका।** मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी को आचार्य रामानन्द अन्तर्राष्ट्रीय विद्यापीठ गांव टटियाना में गीता जयंती का पर्व बहुत ही श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यापीठ के अध्यक्ष राम स्वरूप दास शास्त्री ने कहा कि गीता भगवान की दिव्य वाणी है। कहा कि सच्चाई यह है कि गीता का यथार्थ में वर्णन कोई नहीं कर सकता।

### शॉटपुट प्रतियोगिता में सुमित रहा प्रथम

**राजौंद।** नगर में एम डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विनोद शर्मा कैथल द्वारा शिरकत की गई। मुख्य रूप से फील्ड इवेंट 1500 मीटर रेसए 400 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, जूनियर. सब जूनियर और सीनियर कैटेगरी में आयोजित की गई। हाई जंप, लॉन्ग जंप, शॉट पुट का आयोजन हुआ।

### आरकेएसडी कॉलेज की विद्या समिति का चुनाव 7 को

**कैथल।** चुनाव अधिकारी एवं प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने बताया कि आरकेएसडी कॉलेज की राष्ट्रीय विद्या समिति के चुनाव 7 जनवरी को होने हैं । चुनाव शेड्यूल को बताते हुए डॉ गोयल ने बताया कि 22 व 23 दिसंबर को नॉमिनेशन प्रक्रिया सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक निश्चित की गई थी।

### स्वयं उद्यमिता का विकास विषय पर कार्यशाला

**कैथल।** राजकीय महाविद्यालय में 22 दिसम्बर को महाविद्यालय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिये उच्च शेक्षणिक संस्थानों में स्वयं उद्यमियता का विकास विषय पर प्लेसमेंट सेल द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के दिशा निर्देश अनुसार विद्यार्थियों में स्वयं उद्यमियता को विकसित करने का एक सामाजिक प्रयोग हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज भम्बू ने किया।

### सांसदों के निलंबन के विरोध में दिया धरना

**कैथल।** सीपीआई व सीपीएम ने संयुक्त रूप से सांसदों के निलंबन के विरोध में लघु सचिवालय में धरना दिया। धरने की अध्यक्षता कॉमरेड सतपाल आनंद व महेंद्र सिंह ने की। दोनों पार्टियों के नेताओं ने बताया कि आज देश में सत्तासीन पार्टी देश में लोकतंत्र को खत्म करने का काम कर रही है।

### चीका में छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर

**गुहला-चीका।** गुरू गोबिन्द सिह राजकीय बहुतकनीकी चीका में ई-अधिगम योजना के तहत अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में जिला ई-अधिगम अधिकरी नरेंन्द्र कुमार व ई-अधिगम टेक्निकल नोडल अधिकारी अंकुर मास्टर ट्रेनर रहे। राजकीय स्कूलों में वितरित किए जाने वाले टेबलेट की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रशिक्षण दिया।

### एड्स की जागरूकता शिविर का आयोजन

**पूंडरी।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी में एचआईवी एड्स की जागरूकता के लिए कार्यक्त्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर विनय गुप्ता द्वारा एचआईवी एड्स पर व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्त्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ शशि किरण ने की व मंच का संचालन सीता प्रवक्ता संगीत विभाग ने किया।

### पॉलीथिन मुक्त करने के लिए जागरूक रैली

**पूंडरी।** गांव पिलनी में ग्राम सरपंच राजकिशन के प्रयासों के चलते स्कूली बच्चों व ग्रामीणों की साथ पॉलीथिन मुक्त गांव जागरूक रैली निकाली गई। जिसको स्कूल से मुख्यातिथि नायब-तहसीलदार जोगिंद्र कूंडु व सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पूरे गांव का भ्रमण किया गया।

---

शक्ति नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम

# समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास का लिया है दृढ़ संकल्पः लीला राम

समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति का विकास ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का लक्ष्य है।

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

विधायक लीला राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास करने का जो दृढ़ संकल्प लिया है वह सराहनीय है। समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति का विकास ही प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का परम लक्ष्य है। सभी नागरिक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं, हमेशा भाईचारे को बरकरार रखे। छोटे-मोटे मतभेद भुलाकर समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प लें। विधायक लीला राम शक्ति नगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को वरीयता दी, जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला भी कोई नहीं था। सरकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी, समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कैथल हलके का विकास करोड़ों रुपये से किया जा रहा है और सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। सामुहिक कार्यो को प्राथमिकता से करवाया जाता है। लोगों की मूलभूत जरूरतों पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य किए जाते हैं। यात्रा में लोगों को मौके पर ही विभिन्न सेवाओं का लाभ प्रदान किया जाता है और इस यात्रा से लोगों में काफी खुशी भी है। इससे पहले गांव सिल्लाखेड़ा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची, जहां पर मुख्यातिथि के रूप में राजपाल तंवर ने शिरकत की। इस मौके पर सुरेश गर्ग, रामकुमार नैन, नरेश मित्तल, सोमनाथ, पवन कसाना, बलबीर, सूबे सिंह, संजीव कांगड़ा, राकेश रबारी, आनंद शर्मा, शेर सिंह, सुनीता, धर्मपाल, जोगिंद्र, सतीश, सोमनाथ कंबोज, सुखविंद्र गोयत, संजीव, विरेंद्र छौत, रमेश कुमार, गोपाल भारद्वाज, अशोक, कुलविंद्र आदि मौजूद रहे।



**कैथल।** विधायक लीला राम शक्ति नगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

## गांव जाजनपुर व चंदलाना में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ढांड।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम गांव जाजनपूर व चंदलाना में आयोजित हुआ। गांव जाजनपुर व चंदलाना गांव में पूर्व विधायक तेजवीर सिंह व जिला परिषद के वाइस चेयरमैन कर्मबीर कौल ने शिरकत की। विधायक तेजवीर सिंह ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी अंत्योदय की भावना से काम कर रहे हैं। उनकी सोच है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का उस हर व्यक्ति तक लाभ पहुंचे जो लाइन में अंतिम में खड़ा है। जिला परिषद के वाइस चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि कोरोना काल के बाद विदेश के राष्ट्रपति भी हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगे नतमस्तक हो रहे हैं।

## गांव दुब्बल व खरक पांडवा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**कलायत।** गांव दुब्बल व खरक पांडवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची, जहां पर जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने शिरकत की। संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने कहा कि इस यात्रा में गरीब लोग अपने घर द्वार पर ही योजनाओं का लाभ ले रहे हैं।



**गुहला-चीका।** विधायक ईश्वर सिंह स्कूल कमरों का शिलान्यास करते हुए।

# हर वर्ग के लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

- विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची गांव सुल्तानियां व माजरी
- मुख्यातिथि के रूप में विधायक ईश्वर सिंह ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव सुल्तानिया व माजरी में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक ईश्वर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हर वर्ग के लोगों तक सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा है। अब सरकार की योजना लोगों के घर द्वार पर मिल रही है, जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी भी देखने को मिल रही है। विधायक ईश्वर सिंह ने कहा कि गांव सुलतानिया में 6 लाख 29 हजार रुपये से शमशान घाट की गली, लगभग 10 लाख रुपए की धनराशि से स्कूल से गुगामाड़ी वाली गली की रिपेयर का कार्य, 56 लाख 26 हजार रुपये से गुहला खरका रोड से सुलतानिया सड़क निर्माण कार्य, 1 करोड़ 39 लाख रुपए की धनराशि गांव में टयूबवेल व पाइप लाइन बिछाई जाएगी इसके टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है जल्द इसका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। विधायक ने गांव सुल्तानिया के डेरा बाजीगर स्कूल में 20 लाख 61 हजार रुपए से हो रहे विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। गांव सुल्तानिया में 8 लाख 20 हजार रुपए की लागत से बनी इंडोर जिम का उद्घाटन भी किया।

### विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास

उन्होंने कहा कि गांव माजरी में 4 लाख 90 हजार रुपये की लागत से अंबेडकर मूर्ति वाली गली, 4 लाख 95 हजार रुपए की धनराशि से मेन रोड से सीएनजी प्लाट तक रास्ते का निर्माण कार्य, गांव में पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिस पर 2 करोड़ 27 लाख रुपए की धनराशि खर्च होगी। गांव में तालाब के सौंदर्यकरण के लिए 1 करोड़ 35 लाख रुपए की धनराशि मजूर करवाई गई है । गांव माजरी के स्कूल में हो रहे कार्यों का शिलान्यास भी किया।

---

# गीता में समाहित संदेशों से सीखें

- गीता द्वारा दर्शाए गए मार्ग पर चलते हुए हम अपने जीवन को बना सकता हैं सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि ज्ञान, कर्म, भक्ति का सशक्त और सफलतम मार्ग है गीता का सार। हमें गीता के श्लोकों में समाहित संदेशों से सीख लेकर समाज और राष्ट्र सेवा के कदमों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दीप-शिखा प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। सांस्कृतिक संध्या में स्कूली बच्चों के साथ-साथ कलाकारों ने गीता व भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव-विभोर किया। मौके पर विभिन्न स्कूल के बच्चों के साथ-साथ अनुराग-गुरमीत एंड पार्टी, टेक चंद वर्मा ने भजनों व नृत्य की प्रस्तुति देकर माहौल को कृष्णमय करने का काम किया। सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार, सुमित गर्ग आदि मौजूद थे।




**कैथल।** गीता जयंती समारोह में नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग तथा सीटीएम गुरविंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए। *फोटोः हरिभूमि*

### 24 दिसंबर को कैथल पहुंचेगी बदलाव यात्रा

**कैथल।** आम आदमी पार्टी द्वारा शुरू की गई बदलाव यात्रा 24 दिसम्बर रवीवार को कैथल हलका में पहुंचेगी। आम आदमी पार्टी की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा के नेतृत्व में कैथल पहुंचने पर यात्रा का स्थानीय कार्यकताअरं द्वारा स्वागत किया जायेगा। बदलाव यात्रा का रोड़ शो 12:00 बजे चंदाना गेट से शुरू होकर भगत सिंह चौक से नरवानिय बिल्डिंग ,रेलवे गेट के अंदर से होते हुए गीता भवन, खंडा चौक से होते हुए शहीदी स्मारक कैथल पर बदलाव यात्रा का समापन किया जाएगा। आप हल्का कैथल के कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेता राज्य उपाध्यक्ष (शिक्षा विंग) मास्टर सतबीर गोयत ने बताया कि बदलाव यात्रा में होने वाले रोड शो की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# जन विरोधी नीतियों का किया विरोध

- 13 जनवरी को आदर्श गांव बालू में किसान-मजदूर बचाओ रैली को संबोधित करेंगे सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭कलायत

हरियाणा किसान कांग्रेस अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह कोलेखां ने कहा कि 13 जनवरी को उपमंडल के गांव बालू में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला किसान बचाओ रैली को संबोधित कर केंद्र व प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों की पोल खोलेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा से मुक्ति पाने के लिए हरियाणा प्रदेश के सभी लोगों द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला को भरपूर समर्थन दिया जा रहा है। वे बृहस्पतिवार को गांव बालू में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। धर्मवीर कोलेखां ने कहा कि गठबंधन सरकार में हर रोज घोटाले हो रहे हैं, कभी शराब घोटाला तो कभी खनन घोटाला, धान घोटाला, भर्ती घोटाला, रजिस्ट्री घोटाला तो कभी पेपर लीक हो रहे हैं। गठबंधन सरकार से हर वर्ग दुखी है। चाहे वो किसान हो, मजदूर हो, नौजवान हो या फिर कर्मचारी या व्यापारी, यहां तक की सरपंच भी अपने हकों के लिए सडकों पर हैं। इस दौरान उनके साथ हलका उपाध्यक्ष राजू बालू, बिंद्र सरपंच, पूर्व सरपंच सूबे सिंह, रमेश, ईश्वर बालू आदि मौजूद रहे।



**कलायत।** गांव बालू में बृहस्पतिवार को कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करते हरियाणा किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मवीर सिंह कोलेखां। *फोटोः हरिभूमि*

---

# बच्चों को नशा न करने के बारे में किया जागरूक

- पुलिस ने प्रदर्शनी लगाकर साइबर क्राइम के बारे में स्कूली बच्चों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

22 व 23 दिसंबर को भाई उदय सिंह किला कैथल में जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह मनाया जा रहा है। पुलिस विभाग कैथल द्वारा प्रदर्शनी लगाकर स्कूली बच्चों सहित आमजन को नशा न करने बारे, महिला विरुद्ध अपराधों के बारे व साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया। इस दौरान नशा मुक्त जागरूकता टीम, थाना साइबर क्राईम टीम तथा महिला थाना पुलिस टीम द्वारा भाग लेकर विद्यार्थियों व आमजन को इन मुद्दों के संबंध में जरूरी बातें बताई गई। नशा मुक्त जागरूकता टीम द्वारा बताया गया कि नशा एक सामाजिक बुराई है, नशा करना किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता। नशा शरीर के लिए खतरनाक है।



**कैथल।** पुलिस लाइन में युवाओं को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

# ठंड व भूख से तड़पकर मरी गाय

- चीका में समाजसेवियों ने किया गाय का संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

हिंदू धर्म में गाय को मां का दर्जा दिया गया है लेकिन इसके बावजूद आज गाय लोगों की अनदेखी का शिकार होकर भूख व ठंड से तड़पकर अपनी जान देने को मजबूर हैं। ऐसा ही वाकया चीका में नजर आया। यहां सड़कों पर घूम रही एक बेसहारा गाय ठंड व भूख से तड़प तड़प कर मर गई। मौत से पहले उसकी किसी ने सुध नहीं ली परन्तु जब उसके प्राण पखेरू उड़ गए तो कुछ लोगों ने शहर के कुछ समाजसेवियों से बात की, जिस पर मोनू ठाकुर नामक एक समाजसेवी ने अपने कुछ साथियों से सम्पर्क साधा और मृत गाय को वहां से उठाकर उसे धार्मिक विधि के साथ मिट्टी में दबाया। इस संबंध में मोनू ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि शहर में ओर भी दर्जनों गाएं बेसहारा घूम रही हैं, उनके पास ना तो कुछ खाने को है और न ही सिर छुपाने को जगह है। मोनू ने मांग की है कि प्रशासन सड़कों पर घूम रही गायों को ठंड से बचाने के लिए कोई ठोस व्यवस्था करे।



**गुहला-चीका।** गाय को धार्मिक विधि के साथ मिट्टी में दबाया। *फोटोः हरिभूमि*

# पी.ओ स्टाफ ने आर्म्स एक्ट मामले के अपराधी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी उपासना के नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कैथल पी.ओ. स्टाफ के एचसी रणदेव सिंह व एसआई कृष्णलाल की टीम आरोपी कलायत निवासी अंकुर को काबू कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी उपरोक्त को सीआईए-1 पुलिस द्वारा 30 नवंबर 2018 को कलायत से 315 बोर अवैध देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस सहित काबू किया गया था। थाना कलायत में मामला दर्ज है। आरोपी अंकुर न्यायालय से जमानत लेने उपरांत दोबारा हाजिर नहीं हुआ था।

**सूचना**

मैं, नरसी पुत्र श्री सरूप सिंह निवासी गांव राजपुरा भैण तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विकास उर्फ विक्की मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के मार्गदर्शन एवं रैड रिबन क्लब की संयोजिका डॉ. अमनदीप कौर के निर्देशन में किया गया। अभियान के अन्तर्गत नशा मुक्त भारत, अच्छे स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता को रखा गया। निस्संदेह सभी विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह से उक्त जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली में भाग लिया। उन्होंने ब्रह्मसरोवर पर आयोजित गीता जयंती में उपस्थित लोगों को रैली व नारों के माध्यम से एडस से बचाव, एवं नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## महान गणितज्ञ निवास रामानुजन की उपलब्धियों को किया याद

# एमडीएन ग्लोबल स्कूल में मनाया गणित दिवस

- विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

महान गणितज्ञ निवास रामानुजन की जयंती पर एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार, मैनेजर गौरव गर्ग, चेयरपर्सन निधि कंसल और प्राचार्य डॉ. संत कौशिक द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय के निदेशक डॉक्टर विनोद कुमार ने बताया कि निवास रामानुजन जी का गणित के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान हमारे लिए गर्व का विषय है।




**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा दिखाते हुए।

### भाषण, कविता वाचन और नाटक का हुआ आयोजन

इस अवसर पर भाषण, कविता वाचन और नाटक जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा आठवीं से श्वेता ने अपने भाषण के माध्यम से निवास रामानुजन जी के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार आपकी जिज्ञासा और दृढ़ निश्चय जीवन के संघर्षों को दर किनार कर सफलताओं के नए कीर्तिमान स्थापित कर सकती है, यह निवास रामानुजन से बखूबी सीखा जा सकता है। तत्पश्चात कक्षा सातवीं के छात्र अग्रिम, अरनव, केशव, सार्थक और दक्ष ने अपने उत्कृष्ट अभिनय का प्रदर्शन करते हुए दैनिक जीवन में गणित का महत्वह्य को समझाया और इशिका ने मै गणित हूं विषय पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। वहीं कक्षा सातवीं से ही प्रांजल ने अपने श्रेष्ठतम वक्तव्य के माध्यम से गणित को सीखने की तकनीक समझाते हुए बताया की किस प्रकार निरंतर अभ्यास से इस विषय में दक्षता प्राप्त की जा सकती है। इसी श्रृंखला में एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि गणित का महत्व मात्र संख्याओं और गणनाओं तक ही सीमित न रहकर बल्कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक क्षमता और निरंतर अभ्यास को विकसित करता है।

**न्यायालय तहसीलदार -कम- सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।**

मनके बिजेन्द्र पुत्र श्री मुलखराज निवासी पटेल नगर जीन्द बनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि मेरे दादा जी स्व. श्री सुमेर दास पुत्र श्री नानक चन्द निवासी पटेल नगर जीन्द का स्वर्गवास मिति 17.02.2011 को हो चुका है मेरी दादी स्व. श्रीमती विधावन्ती पत्नी श्री सुमेर सिह निवासी पटेल नगर जीन्द का स्वर्गवास मिति 20.01.2015 को हो चुका है व मेरे पिता स्व. श्री मुलखराज पुत्र श्री सुमेर दास निवासी पटेल नगर जीन्द का स्वर्गवास मिति 10.08.2015 को हो चुका है। इनके स्वर्गवास के बाद निम्नलिखित वारिस हैं :-

| सी. नं. | नाम | सम्बन्ध |
|---|---|---|
| 1 | रामप्यारी | पुत्री सुमेर दास |
| 2 | राज | पुत्री सुमेर दास |
| 3 | वीना | पुत्री सुमेर दास |
| 4 | कमलेश | पुत्री सुमेर दास |
| 5 | कोशल्या | पुत्री सुमेर दास |
| 6 | सन्तोष | पत्नी श्री मुलखराज |
| 7 | जगदीप | पुत्र श्री मुलखराज |
| 8 | बिजेन्द्र | पुत्र श्री मुलखराज |
| 9 | शशीबाला | पुत्री श्री मुलखराज |
| 10 | नीलम | पुत्री श्री मुलखराज |
| 11 | स्वीटी | पुत्री श्री मुलखराज |

इनके इलावा उक्त मृतक का दीगर वारिस नहीं है जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना इतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 22-12-23 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-रजिस्ट्रार साहिब जीन्द।

## 18 श्लोकों, गीता मंडप, गोवर्धन पर्वत बना आकर्षण का केंद्र

# दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव शुरू

### उपायुक्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह का शुभारंभ

- आज नगर शोभा यात्रा का होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि गीता जयंती आज केवल प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में मनाई जा रही है। आने वाली पीढियां श्रीमद्भगवतगीता से ज्ञान लेंगी और आगे बढेंगी। श्रीमद्भगवतगीता जहां जीने का रास्ता दिखाती है, वहीं अंतिम समय में मनुष्य को मोक्ष की ओर ले जाती है। भगवान श्री कृष्ण ने पवित्र ग्रंथ गीता में कहा है कर्म करो, फल की इच्छा मत करो। इंसान को अपने सद्कर्म करने चाहिए, कर्म का फल भगवान के भरोसे छोड़ देना चाहिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा शुक्रवार को दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

गौरतलब है कि गीता जयंती महोत्सव जिला प्रशासन जींद एवं सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के सौजन्य एवं विभिन्न संगठनों व अन्य समाजसेवियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा जो 23 दिसंबर तक चलेगा। उपायुक्त ने कहा कि गीता एक धार्मिक ग्रंथ होने के साथ-साथ एक जीवन दर्शन भी हैं। जिसको अपना कर कोई भी व्यक्ति अथवा राष्ट्र अपना विकास कर सकता है। गीता सार्वभौमिक व कल्याणकारी है। गीता केवल उपदेश व आस्था ही नहीं जीवन पद्धति भी है। गीता सोच ही नहीं, चिंतन और दिशा भी है। इसके 18 अध्यायों में कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग की जो सरस्वती बहती है, उससे अज्ञान रूपी अंधकार धुल जाता है। यहीं वजह है कि गीता भारतीयों की ही नहींए बल्कि विदेशियों को भी प्रिय है। उन्होंने गीता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता जीवन जीने की एक पद्धति है। यह केवल एक श्लोको का संग्रह मात्र न रह कर, संस्कृति का अभिन्न अंग बन गया है।

उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता दुनिया को कर्म प्रदान विश्व का संदेश देती है। दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति जब कर्म योगी बनेगा तभी आपसी सद्भाव, प्यार व भाईचारा बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि धार्मिक ग्रंथ का संदेश दुनिया के कोने-कोने में पहुंचे व जनकल्याण के लिए इस संदेश का प्रयोग हो। इसलिए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के मार्गदर्शन में देश व प्रदेश में गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।



जींद। गीता जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि



जींद। गीता जयंती महोत्सव में लगाए गए स्टालों पर जानकारी लेते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो : हरिभूमि

### गीता मंडप में मंत्रों व श्लोक उच्चारण के साथ हवन में आहुति डाली

समारोह स्थल पर गीता अध्याय से संबंधित प्रदर्शित किए हुए 18 श्लोकों, गीता मंडप, गोवर्धन पर्वत व आयोजन स्थल पर लगाई गई स्टालों व अन्य गीता से संबंधित प्वायंट आकर्षण का केंद्र रहे। स्वयं सहायता समूह के द्वारा लगाई गई स्टालों में उनके द्वारा हाथ से बनाई गई स्वैटर को भी लोगों ने सराहा। डीसी इस दौरान वे सभी विभागों की स्टालों पर गए और गुलशन भारद्वाज के द्वारा लगाए गए पुरात्व चीजों के संग्रह की गई चीजों की जानकारी ली और उनके इस कार्य को सराहा। गीता मंडप में विधिवत मंत्रों व श्लोक उच्चारण के साथ यज्ञ हवन में आहुति डाली।




जींद। गीता जयंती महोत्सव के शुभारंभ पर बच्ची के साथ फोटो खिंचवाते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा तथा पेंटिंग करते हुए डीसी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाते हुए डीसी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में नगरायुक्त सुरेंद्र बैनिवाल, एसडीएम डा. पंकज आईएएस, नगराधीश नमिता कुमारी, जिला राजस्व अधिकारी राजेश ख्यालिया, जिला वन मंडल अधिकारी रोहताश बिरथल, डीईओ विजयलक्ष्मी, रैडक्रॉस के सचिव रवि हुड्डा, विभिन्न संगठनों एवं धार्मिक, सामाजिक, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### डीसी ने सेल्फी प्वायंट पर बच्चों के साथ ली सेल्फी

उन्होंने प्रदर्शनी स्थल पर सेल्फी प्वायंट पर बच्चों के साथ सेल्फी ली व डार्क रूम में बैठ कर महाभारत का नाट्य रूपांतरण को भी देखा। दिवान बाल कृष्ण रंगशाला में जहां विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के बच्चों द्वारा गीता व संस्कृति, देशभक्ति की भावन से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया वहीं वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भगवान कृष्ण पर बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर एक छोटी बच्ची के साथ रीबन काट कर एवं सांस्कृतिक स्टेज पर देवी सरस्वती के चित्र के सम्मुख द्वीप प्रजवलित कर समारोह की विधिवत रूप से शुरूआत की। कार्यक्त्रम में प्रातः जींद के एसडीएम डा. पंकज एवं नगराधीश नमिता कुमारी ने हवन यज्ञ में आहूति डाली और समारोह स्थल का निरीक्षण किया।

### आज शहर में निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

नगराधीश नमिता कुमारी ने बताया कि शनिवार को प्रातः अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ मुख्यअतिथि होंगे। इसके पश्चात दोपहर दो बजे जींद के विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा जयंती देवी मंदिर से नगर शोभा यात्रा को झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। यह शोभा यात्रा जयंती देवी से प्रारंभ होकर एक रुपया चौक, शिव चौंक, रामराये गेट, फव्वारा चौंक, पालिका बाजार, रानी तालाब, गोहाना रोड से होती हुई समारोह स्थल पर पहुंचेगी। सायं चार बजे दीपोत्सव एवं आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा एवं सायं पांच बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण समारोह होगा। जिसमें सोनीपत लोकसभा के सांसद रमेश चंद्र कौशिक मुख्यअतिथि होंगे। उन्होंने जिलावासियों से आह्वान किया कि यह उनका अपना समारोह है। इसलिए वे इस दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में गीता का ज्ञान अवश्य प्राप्त करें।



कैथल। विधायक लीला राम गीता जयंती समारोह में हवन में आहुति डालते हुए तथा विधायक लीला राम गीता जयंती समारोह में आईटीआई के स्टाल का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# विधायक लीला राम ने किया दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव का उद्घाटन

- मंत्रोच्चारण के बीच दिया सेवा का संदेश-प्रदर्शनी का नारियल तोड़कर व रिबन काटकर किया उद्घाटन और अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

विधायक लीला राम ने कहा कि वेदों में गीता के अनुसार पूरे विश्व के कल्याण का मार्ग निकलता है। भारत में ही नहीं, अपितू पूरे विश्व में गीता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। भगवान कृष्ण जी ने कहा कि हे इंसान अपने कर्म कर, फल की ईच्छा मत कर। जो व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा और लग्न से कार्य करता है तो भगवान उन्हें स्वयं फल देता है। विधायक लीला राम स्थानीय भाई उदय सिंह किला परिसर में दो दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। इससे पहले विधायक ने हवन यज्ञ में पूर्ण आहूति डाली। कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी का विधिवत रूप से नारियल तोड़कर व रीबन काटकर शुभारंभ किया तथा सभी स्टॉलों पर जाकर फीडबैक ली। विधायक लीला राम ने कहा कि गीता हमें जीवन जीने की प्रेरणा देती है। एक-एक श्लोक में जीवन का सार है। गीता ऐसा ग्रंथ है, जिसे पूरी दूनिया में माना जाता है और हर वर्ग के लोग गीता का पाठ करके उसका अनुसरण कर रहे हैं। विधायक लीला राम ने कहा कि गीता जयंती कार्यक्रम गीता ज्ञान को घर-घर तक पहुंचाने का सबसे अच्छा साधन है, जो हर उम्र के लोगों को प्रेरित करेगा। भारत की सामाजिक व्यवस्था एवं धर्म स्थापना में हरियाणा का विशेष स्थान रहा है। यह धरती हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने का महत्वपूर्ण केंद्र है। हरियाणा में भगवान कृष्ण ने अर्जुन को कर्म एवं मानवीय जीवन मूल्यों का जो उपदेश दिया था, वह सदियों तक मानव जाति का मार्गदर्शन करता रहेगा। मद्भगवद्गीता का भारतीय संस्कृति, धर्म एवं दर्शन पर गहरा प्रभाव रहा है। मद्भगवद्गीता हमारी प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जोकि ज्ञान, कर्म और भक्ति का बेजोड़ संगम है। विधायक ने कहा कि गीता का अनुसरण करते हुए प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति तक विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। इसी के चलते पूरे देश व प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद चलाए जा रहे हैं। गांव में पहुंचकर लोगों को उन्हीं के घर द्वार पर विभिन्न सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है, जोकि


कैथल। भाई उदय सिंह किला कैथल में गीता जयंती समारोह में मंच पर बैठे विधायक लीला राम व अन्य। फोटो : हरिभूमि


कैथल। विधायक लीला राम गीता जयंती समारोह में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए।

### मौजूद रहे

इस मौके पर डीसी प्रशांत पंवार, एडीसी सुशील कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार, संजय भारद्वाज, नरेश मित्तल, मुकेश जैन, रामकुमार नैन, विरेंद्र बत्तरा, प्रवीण प्रजापति, रिंकू सैनी, श्याम लाल कल्याण, दिनेश पाठक, एडवोकेट शक्ति सौदा, सतीश राजपाल, सुषम कपूर, राजकुमार मुखिजा, महेंद्र लुथरा, मनोज शर्मा, जीएम रोडवेज अजय गर्ग, सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला, सचिव रामजी लाल, डीआईओ दीपक खुराना, एलडीएम एसके नंदा, डीएसओ सुमन मलिक, अंजू शर्मा, प्रवीण थरेजा, बीरबल दलाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जुलाना में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक

**जुलाना।** जुलाना में गोहाना मार्ग पर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के किसान विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष विरेंद्र आर्य ने की। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विरेंद्र आर्य ने कहा कि शनिवार को जुलाना में आप की बदलाव यात्रा पहुंचेगी। यात्रा में सांसद सुशील गुप्ता पहुंचेंगे।

### तीर्थराज ब्रजवासी गोरक्षक सेना भारत के प्रदेशाध्यक्ष

**सफीदों।** सफीदों के वरिष्ठ समाजसेवी तीर्थराज गर्ग को ब्रजवासी गौरक्षक सेना भारत का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस पद पर नियुक्ति से क्षेत्र के गौभक्तों में खुशी की लहर है। उनकी यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्मदास महाराज ने की है। तीर्थराज गर्ग को नियुक्ति पत्र सौंपा।

### देवरड़ गांव में मनरेगा मजदूरों की हुई बैठक

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के देवरड़ गांव में मनरेगा मजदूरों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने की। मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने मनरेगा मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश की वर्तमान भाजपा सरकारें लगातार घोर जनता विरोधी नीतियां लागू कर रही है। आम आदमी की जरूरत की सभी वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं।

# वाणी ने जीता राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

दिल्ली में 15 से 19 दिसंबर तक हुई राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में वाणी ने पांच राज्य के खिलाडिों को एक तरफ हराकर राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक और खुशी ने तीन खिलाड़ियों को हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। इस बारे जानकारी देते हुए लीजेंड कराटे क्लब पूंडरी के कोच विकास ढलवाल ने बताया कि क्लब के पांच खिलाड़ियों ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता का आयोजन सरकार द्वारा करवाया जाता है। प्रतियोगिता में लगभग पूरे भारत से खिलाडिों ने भाग लिया था। जिसमें मयंक, वाणी, खुशी, चंचल व साधना कल्ब की सदस्य थी। सभी खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।


पूंडरी। पदक प्राप्त खिलाडिों के साथ कोच विकास डबवाल। फोटो : हरिभूमि

### भाई जैताजी की याद में गुरमत समागम आज

**जींद।** बाबा जीवन सिंह वैलफेयर सेवा समिति जींद द्वारा नरवाना रोड कबीर चौक पर स्थित सुंदर नगर में दसवीं पातशाही कलगीधर गुरु गोबिंद सिंह के सेनानायक भाई जैताजी एवं चारों साहिबजादों की शहीदी को समर्पित गुरमत समागम 23 दिसंबर शनिवार को सुबह दस बजे से दो बजे तक आयोजित किया जाएगा। समागम के पश्चात गुरु का अटूट लंगर भी संगतों में बरताया जाएगा। गुरुघर के प्रवक्ता बलविंद्र सिंह ने बताया कि इस समागम की शुरुआत सिंह सभा गुरुद्वारा रेलवे जंक्शन के हैडग्रंथी भाई जसवंत सिंह सुखमणि साहिब के पाठ द्वारा करेंगे। पटियाला से आए ज्ञानी रविंद्र सिंह पिलखनी वालों का ढाढ़ी जत्था भाई जैतो जी एवं गुरु तेग बहादुर साहिब की शहीदी को अपनी ढाढ़ी वारो में पिरो कर संगतों के समक्ष शहीदी का व्याख्यान करेंगे।

# शिक्षामंत्री ने कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ को दिया 27 को बातचीत का न्योता

- संघ की लंबित मांगों का होगा निवारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र प्योंत एवं रा'य महासचिव सुनील राणा हरियाणा के शिक्षामंत्री कवरपाल गु'जर के चंडीगढ़ कार्यालय से पत्र के माध्यम से सूचना मिली है कि 27 दिसंबर को शिक्षा सदन कार्यालय पंचकूला में सुबह 11 बजे कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ के शिष्टमंडल से आधिकारिक बैठक होगी। अध्यक्षता शिक्षामंत्री कंवरपाल गु'जर करेंगे। बैठक में शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, शिक्षा निदेशक अशिमा बराड़ और शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल रहेंगे। जारी बयान में बताया कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर लैब अटेंडेंट पिछले 12 सालों से सरकारी स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहें है। सभी प्रकार का ऑनलाइन कार्य करते है। प्रदेशभर के कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारियों को पूर्ण आशा है 27 दिसंबर को होने वाली बैठक में सभी मांगो का समाधान होगा। कंप्यूटर लैब अटेंडेंट कर्मचारीयो के वेतन बढ़ोतरी प्रमुख मांगों में शामिल है।



जींद। एससी समाज एकता मंच के धरने पर पहुंची इनेलो नेत्री सुनैना चौटाला। फोटो : हरिभूमि

# समाज को लड़वाने की राजनीति कर रहे जींद विधायकः सुनैना

- बीआर आंबेडकर प्रतिमा के पास चल रहे एससी समाज के धरने इनेलो पार्टी ने किया समर्थन

**जींद।** रानी तालाब स्थित बाबा साहब बीआर आंबेडकर चौक पर चल रहे एससी समाज एकता मंच के धरने पर शुक्रवार को इनेलो पार्टी की प्रदेश महिला प्रधान महासचिव सुनैना चौटाला पहुंची। उन्होंने धरने पर पहुंच कर पार्टी का समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ बीजेपी की सरकार महान पुरुषों का सम्मान करने का ढिंढोरा पीट रही है जबकि हकीकत इसके विपरित है। एससी समाज के लोगों द्वारा अपने संतों महान पुरुषों की प्रतिमा लगवाने के लिए छह महीने से धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जींद विधायक के पिता इंडियन नेशनल लोक की बदौलत राजनीति में आए लेकिन आज जींद विधायक समाज को आपस में लड़वाने की औच्छी राजनीति कर रहे हैं। उन्हें महापुरुषों की विचारधारा का सम्मान करना चाहिए और समाजों जोडऩे का काम करना चाहिए। केंद्र की सरकार बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास करती है। लोगों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर रही है। देवीदास वाल्मीकि ने आरोप लगाया कि स्थानीय विधायक नहीं चाहते कि संत कबीर चौक चौराहे के बीच में बने। साइड में चौक बनवाने का काम शुरू करवा कर एससी समाजों के लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है।

## प्रत्येक गांव में जाकर पानी के नमूनों की करेगी जांच

# पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए वैन रवाना होगी

- मुख्यालय से मिले पत्र के अनुसार करवाई जाएगी जिले में जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में पेयजल की गुणवता की जांच के लिए वैन को रवाना किया जाएगा। इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय की तरफ से प्रदेश के 13 जिलों का शेड्यूल तैयार किया गया है। शेड्यूल के अनुसार यह यात्रा पलवल से शुरू होकर मार्च 2025 में अंबाला में शुरू होगी। इस यात्रा में एक वैन चलेगी जिसमें जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शामिल होंगे। यह इन जिलों के प्रत्येक गांव में जाकर पानी के नमूनों की जांच करेगी। रा'य चलित जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से पानी की जांच की जाएगी। परीक्षण का कार्य दो वर्ष के लिए आवंटित किया गया है। शुरूआत में उन क्षेत्रों को जल परीक्षण की जांच को प्राथमिकता दी गई है। जहां पर जल स्त्रोतों के दूषित होने की संभावना है या जहां प्रदूषण 'यादा होता है। इसको लेकर विभाग संबंधित कार्यकारी अभियंता अपने एसडीई, केमिस्ट और जिला सलाहकार डब्ल्यूएसएसओ के परामर्श से गांवों के कार्यक्रम निर्धारित करेंगे। इसमें एक ही मार्ग के पांच से छह गांवों को वैन द्वारा प्रतिदिन कवर किया जाना है। पेयजल की जांच के लिए बीआरसी की लैब के कर्मियों को साथ रहने के निर्देश दिए गए हैं। पेयजल लैब वैन के जिले में पहुंचने से पहले ही शैड्यूल तैयार किया जाएगा।


जींद। जनस्वास्थ्य विभाग का कार्यालय।

### यह है सभी जिलों का शेड्यूल

यह लैब वैन पलवल जिले को दिसबंर माह में पूरा करेगी। इसके बाद रेवाड़ी में जनवरी 2024, फरवरी में नारनौल, मार्च में गुरूग्राम, अप्रैल में झज्जर, मई में रोहतक, जून में भिवानी, जुलाई व अगस्त में जींद, सितंबर में हिसार, अक्टूबर में सिरसा, नवबंर दिसबंर में कैथल, जनवरी 2025 में सोनीपत व फरवरी और मार्च में अंबाला जिले में लैब वैन द्वारा पेयजल की जांच की जाएगी।

### मुख्यालय से मिले पत्र के अनुसार करवाई जाएगी जिले में जांच

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि जिले के पेयजल की गुणवता जांच के लिए रुट प्लान वैन के आने से पहले ही बना लिया जाएगा, ताकि एक रुट पर आने वाले पांच से छह गांवों को एक दिन में कवर कर सके, ताकि ग्रामीणों को पेयजल की गुणवता का पता चल सके। जहां पर पेयजल खराब मिलेगा। वहां पर विभाग बेहतर पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए काम करेगा। जिले के गांवों व शहर के वाडाऱ्ें में पेयजल की जांच के लिए मुख्यालय से पत्र मिला है। पत्र के अनुसार जिले में जुलाई व अगस्त दो महीने लैब वैन जांच के लिए पहुंचेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005